अमर उजाला
28-11-2025

# वैदिक गणित पर दिया गया विस्तृत व्याख्यान

संवाद न्यूज एजेंसी

**ज्ञान प्रणाली के विस्तार एवं शैक्षणिक विस्तार की पहल पर आयोजित किया गया कार्यक्रम**

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज की ओर से मेजर आरएन कपूर स्कूल तथा डीएवी पब्लिक स्कूल, अंबाला छावनी में वैदिक गणित पर विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ज्ञान प्रणाली के विस्तार एवं शैक्षणिक विस्तार की पहल के अंतर्गत किया गया।

इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ कक्षाओं के विद्यार्थियों को ज्ञान प्रणाली (आईकेएस) से परिचित कराना तथा विभिन्न शैक्षणिक एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में उपलब्ध भविष्य के कॅरिअर विकल्पों के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करना था। इस संयुक्त सत्र में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर वैदिक गणित की त्वरित गणना विधियों तथा उनसे जुड़ी तर्कशक्ति का लाभ उठाया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने दोनों स्कूलों के प्रधानाचार्यों और शिक्षकों की ओर से भारतीय ज्ञान प्रणाली को आगे बढ़ाने के प्रयास की सराहना की। डॉ. दत्त ने कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है, और वैदिक गणित जैसी विधियां न केवल विद्यार्थियों की गणना क्षमता में वृद्धि करती हैं, बल्कि उनकी तर्कशक्ति और रचनात्मक सोच को भी सुदृढ़ करती हैं।